# TARKESHWAR NARAIN AGRAWAL TEACHERS' TRAINING COLLEGE

**Recognized by-NCTE Bhubaneswar, NCTE Code-APEO1012-B.Ed./ERCAPP2431 -D.El.Ed.**

**Affiliated to Aryabhatta Knowledge University Patna & Bihar School Examination Board, Patna**

## E-NEWS BULLETIN

## 4th Edition

**July 2022 to September 2022**

**Courses**

**B.Ed. &D.El.Ed.**






**At- Harigaon, Po- SanyaBarhatta, Ps- Jagdishpur, Ara (Bhojpur), Bihar - 802162**

**Mob- 9507865058, 7070091227**

**A unit of Tarkeshwar Narayan Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara, Bhojpur**







**Editor**
**Sri Vijay Kumar Jha**
**Asst. Prof.**
T.N.A.T.T.C,Harigaon

**Chief Editor**
**Dr. Rahul Kumar Pandey**
**Principal**
T.N.A.T.T.C,Harigaon

**Patron**
**Dr. Krishna Murari Agrawal**
**Secretary**
T.N.A.T.T.C,Harigaon

**Typing & Designing: - Gaurav Kumar**

# विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित व्याख्यानमाला कार्यक्रम

दिनांक 11–07–22 दिन सोमवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज हरिगाँव भोजपुर आरा में विश्व जनसँख्या दिवस के शुभ अवसर पर व्यख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने मां सरस्वती के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित प्रशिक्षुओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने विश्व जनसँख्या दिवस पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर हम सभी को जागरूक होने के साथ साथ गुणात्मक विकास की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बीएड बिभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, श्रीमती पी0 एम0 जेना एवं श्री मनोज कुमार महतो ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का सह–संयोजन एवं संचालन श्री विजय कुमार झा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अजीत कुमार सिंह, श्री गंगाधर पटेल, श्री के0 बी0 यादव सहित अन्य शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित प्रशिक्षु भी मौजूद रहे।








Harigaon E-News 4th Edition


# गुरु पूर्णिमा के पूर्वसंध्या पर ऑनलाइन व्याख्यानमाला कार्यक्रम


दिनाँक 12–07–22 दिन मंगलवार को गुरु पूर्णिमा के पूर्व संध्या के पावन अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल टीचर्स ट्रेंनिग कालेज हरिगांव, आरा भोजपुर में ऑनलाइन व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने गुरु वेदव्यास एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम का श्री गणेश श्री मनोज कुमार महतो (सँगीत शिक्षक) के गुरुवंदना से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के यशस्वी सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से वर्चुवल प्लेटफार्म पर उपस्थित समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि गुरु का जीवन मे बड़ा महत्व है। गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति सम्भव नही है। व्याख्यानमाला कार्यक्रम के मुख्य वक्ता–डॉ अनुराग शर्मा(असिस्टेंट प्रोफेसर) नव नालन्दा महाविहार ने अपने सत्संगिय उद्बोधन में कहा कि गुरु पूर्णिमा अभी भी भारत मे ईमानदारी और भक्ति के साथ मनाई जाती है। हम सभी के जीवन मे प्रथम गुरु मां होती है। गुरु का महत्व महान है इसलिए हमें बचपन से ही आचार्यदेवोभवः की शिक्षा दी जाती है। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु के महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्ति का जीवन संवारने के लिए गुरु का होना आवश्यक होता है। कोई व्यक्ति जीवन मे गुरु के कृपा से ही उन्नति कर सकता है। स्वागत भाषण बीएड विभागाध्यक्ष (डॉ मनोजकुमार उपाध्याय) ने किया। इसी क्रम में श्रीमती पी0एम0 जेना, श्री अजित कुमार सिंह ने भी अपने उदगार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्री विजय कुमार झा ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।





Training College, Harigaon E-News 4th Edition





# कोरोना वाईरस से बचाव हेतु प्रिकोशन डोज शिविर संचालित

दिनांक 14 जूलाई 2022 दिन गुरुवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगाँव आरा के प्रागण में हेल्थ चेकअप को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के सचिव डॉं कृष्ण मुरारी अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं राहुल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कोरोना वाईरस से बचाव हेतु प्रिकोशन डोज देने के लिए एक शिविर संचालित किया गया जिसमें महाविद्यालय के बी.एड./डी.एल.एड. के समस्त प्रशिक्षु, शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को प्रिकोशन डोज दिया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी के रूप में श्रीमती मिनीता कुमारी केशरी द्वारा सभी को वैक्सीन दिया गया, इस मौके पर महाविद्यालय के दोनों विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार उपाध्याय, श्री राजेश्वर कुमार विश्वकर्मा एवं अन्य सहायक प्राध्यापक श्रीमती पी.एम.जेना श्रीमती बिन्दी कुमारी, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री विजय कुमार झा, श्री गंगाधर पटेल, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री के. बी. यादव एवं श्री मनोज कुमार महतो आदि उपस्थित रहे।











दिनांक 26–07–2022 को महाविद्यालय के Placement cell के द्वारा साक्षात्कार कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किया गया।











# अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा रैली

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार 13 से 15 अगस्त 2022 तक होने वाले कार्यक्रम (हर घर तिरंगा) के परिपेक्ष्य में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव के सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल के निर्देशन में कॉलेज के प्रशिक्षुओ द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाते हुए प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय तिरंगा झंडा के सन्दर्भ नई पीढ़ी को जागरूक करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम जन आंदोलन के रूप में होते रहना चाहिए ताकि अपने देश के प्रति कर्तव्य को नई पीढ़ी जान सके और समझ सके। रैली का प्रारंभ महाविद्यालय से होते हुए तक महाविद्यालय में समाप्त हुई। प्रशिक्षुओं ने 13 फुट लंबे तिरंगे झंडे को अपने रैली में शामिल किया और ग्रामीणों के बीच तिरंगे झंडे का वितरण भी किया। रैली की समाप्ति के उपरांत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय में 13 फुट लंबे तिरंगे का ध्वजारोहण महाविद्यालय के सबसे ऊंचे शिखर पर किया गया जो अनवरत 13 से 15 अगस्त तक लहराता रहेगा इस मौके पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री विजय कुमार झा, श्रीमती पी0एम0जेना, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री के0वी0 यादव, श्री गंगाधर, श्री ओमप्रकाश सिंह, डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, श्री प्रमोद कुमार, श्री रजई कुमार तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारी श्री त्रिलोकी नाथ सिंह, श्री राजेश कुमार सिंह, शनिदेव निराला, श्रीमती नीलम कुमारी, राहुल कुमार, मनोज कुमार चौबे एवं महाविद्यालय के प्रशिक्षु निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, अभिषेक राज, स्मृतिसुमन, माया कुमारी, मांडवी कुमारी, गुड़िया कुमारी सोनू सिंह, दीपमाला, नेहा कुमारी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजित किया गया।





## स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर ध्वजा रोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

दिनांक15 अगस्त 2022 को समय प्रातः 9:00 बजे से तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक–प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव आरा भोजपुर में स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती शांति अग्रवाल ने झंडोत्तोलन कर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में कहा कि आजादी से पहले भारत का एक ब्रिटिश उपनिवेश था, और उस अवधि के दौरान हमारे लोगों ने बहुत कुछ सहा है और अपने प्राणों की आहुति दी है। स्वतंत्रता के बाद जन्म लेने वाले लोगों को गर्व महसूस करना चाहिए। क्योंकि वे स्वतंत्र भारत में जन्म लेने के लिए भाग्य शाली हैं। इसलिए उन्हें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्वीकार करना चाहिए। इस पावन अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं कर्मचारियों तथा प्रशिक्षुओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि 15 अगस्त 2022 को भारत अपना 76 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मना रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा । आजादी की इस सालगिरह के मौके पर हम सभी को राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने व देश की एकता बनाये रखने का संकल्प लेना चाहिए । इस अवसर पर टी.एन.ए.फाउंडेशन के माननीय सदस्य श्री गोपाल लाल अग्रवाल, श्रीमती अनीता अग्रवाल, श्री रमाकांत चौबे, श्री कृष्ण कांत पांडेय, श्री नरेश चौबे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने अपने स्वागत भाषण में सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा जब लोंगो के अंदर स्वानुशासन आये इसके लिए बहुत जागरूक

T.N.Agrawal Teachers' Training College Harigaon

होने की आवश्यकता है। श्री नीरज तिवारी ने आजादी से लेकर के अब तक भारत की उपलब्धियों का विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर बीएड एवं डीएलएड के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया छात्र/छात्राओं के देशभक्ति गीत से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति मय हो गया। कार्यक्रम की कड़ी में बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने अपने स्वरचित गीतों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसी कड़ी में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती पी0 एम0 जेना, श्री अजीत कुमार सिंह श्रीमती बिन्दी कुमारी श्री राजेश सिंह (कार्यालय चीफ)ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम का सह–संयोजन श्री ओमप्रकाश सिंह संचालन श्री विजय कुमार झा एवं आभार डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री चंदन गुप्ता, श्री के0वी0 यादव, श्री रजय कुमार, श्री प्रमोद कुमार एवं अन्य शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित प्रशिक्षु भी मौजूद रहे।






# महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह

दिनांक 7 सितंबर 2022 दिन बुधवार को अपराह्न 12:00 से तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगांव, आरा, भोजपुर में शिक्षक दिवस के उपरांत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर फाउंडेशन आरा एवं लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन महाविद्यालय के बहूद्देशीय सभागार में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के सचिव डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल, महाविद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती अनीता कृष्णा महोदया, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री किशन बाजोरिया जी चेयरमैन लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के द्वारा मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया! साथ ही महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा मां सरस्वती की बंदना किया गया! ठसके उपरांत सभी अतिथियों को मंच पर आमंत्रित किया गया तथा महाविद्यालय के सक्रिय सचिव डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी के द्वारा सम्मानित अतिथियों का शब्दकोश के माध्यम से स्वागत अभिभाषण में उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान किसी एक दिन नहीं बल्कि सभी दिन हर समय होना चाहिए इसके उपरांत सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया इसके उपरांत महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा अतिथियों के स्वागत में सुंदर सा स्वागतगीत गाया तथा अन्य प्रशिक्षु के द्वारा भजन प्रस्तुति किया गया। इसके आगे मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य इंजीनियर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक को ही गुरु कहा जाता है गुरु का अर्थ है प्रकाश तथा ज्ञान। एक दिन छात्र ही गुरु होते हैं। उन्होंने अष्टावक्र का दृष्टांत दिया। इसके बाद श्री रमाकांत चौबे ने अपने उद्बोधन में पारंपरिक शिक्षा पर प्रकाश डाला। इसके बाद लाईन्स क्लब पटना विशाल के सदस्य श्रीअजय अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में गुरु की तुलना गोविंद से किया तथा स्वामी विवेकानंद के वक्तव्य "उठो जागो और तब तक चलों जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो" इसके उपरांत लाइन्स क्लब पटना विशाल के सक्रिय सदस्या श्रीमती रचना खेतान जी ने अपने उद्बोधन में कहा हमें चींटी की तरह मेहनत करना चाहिए अर्थात चींटी से मेहनत करना सीख कर बकुले की तरह ध्यान पक्षी की तरह उड़ान लोभ, ईर्ष्या, छल कपट इत्यादि का त्याग किजिए। इसके उपरांत श्री पंकज अग्रवाल जी ने कहा कि शिक्षक नाम से ही मेरा सिर झुक जाता है तथा सभी को अपने गुरु का प्रति दिन चरण स्पर्श करने के लिए प्रेरित किया इसके उपरांत प्रशिक्षुओं द्वारा सुन्दर भजन प्रस्तुति किया गया। इसके बाद महाविद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती अनीता कृष्णा महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक का सम्मान किसी एक दिन नहीं बल्कि हमेशा होना चाहिए। इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री किशन बाजोरिया जी ने कहा कि समाज का विकास केवल शिक्षक के द्वारा ही संभव है। छात्रों की जिम्मेदारी है कि शिक्षकों का सम्मान करना है। दृष्टांत देते हुए

T.N.Agrawal Teacher's Training College, Harigaon E-News 4th Edition

कहा कि बारिश कितनी भी हो यदि बर्तन उल्टा रखा गया हो तो उसमें एक बूंद भी पानी नहीं भरेगा इसी प्रकार यदि छात्र शिक्षा ग्रहण के लिए तैयार ना हो तो शिक्षक उसे कितना भी शिक्षा दें किंतु वह ग्रहण नहीं कर पाएगा! कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सहायक प्राध्यापक श्री मनोज कुमार महतो एवं कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री विजय कुमार झा ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापिका श्रीमती पी0एम0जेना, श्रीमती बिंदु कुमारी ,श्री अजीत कुमार सिंह, डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, श्री नीरज तिवारी, श्री चंदन गुप्ता, श्री गंगाधर पटेल ,श्री के0वी0 यादव, श्री रजय कुमार, श्री प्रमोद कुमार आदि एवं समस्त शिक्षण शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। इसके उपरांत महाविद्यालय के प्रांगण में उपस्थित सभी लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के सदस्यों एवं महाविद्यालय के प्रशिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

















## हिंदी दिवस के शुभ अवसर ऑनलाइन व्याख्यानमाला कार्यक्रम


दिनाँक 14 सितम्बर 2022 को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज हरिगावँ आरा, भोजपुर में ऑनलाइन व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय के समस्त शिक्षण/शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्राध्याकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हमे सभी भाषओं को जानना एवं समझना चाहिए तभी हमारे देश का विकास होगा परन्तु ये नही भूलना चाहिए कि हमारी जन भाषा हिंदी है और इसका सम्मान करना हम सभी भारतवासियों की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को ये गर्व करना चाहिए कि हमारी मातृभाषा भी हिंदी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु घासी दास विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के हिंदी विशेषज्ञ श्री नवीन कुमार चौबे ने ऑनलाइन माध्यम से अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने हिंदी की महत्ता को रेखांकित करते हुए कविता वाचन करके सभी हिंदी प्रेमियों का मन मोह लिया। इसी क्रम में डीएलएड विभागाध्यक्ष श्री नीरज तिवारी एवं अन्य सहायक प्राध्यापकों तथा प्रशिक्षुओं ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्री विजय कुमार झा ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय समस्त शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।






Teachers Training College, Harigaon E-News




# नि:शुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग का संचालन

दिनांक 20 सितंबर 2022 दिन मंगलवार प्रात: 09:30 बजे तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव, आरा (भोजपुर) में नि:शुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग संचालन का आयोजन तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर फाउंडेशन आरा के द्वारा पुनः प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पाण्डेय, मुख्य अतिथि श्री रमाकांत चौबे के द्वारा फीता काट कर वर्ग संचालन का उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय के सक्रिय सचिव डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन के माध्यम से सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण बालिकाओं के कंप्यूटर में दक्षता को बढ़ाएगा। इस क्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्री रमाकांत चौबे ने अनुशासन में रहकर ही प्रशिक्षण कार्यपूर्ण करने की सलाह दी। अगले क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज का युग कंप्यूटर का युग है किसी भी विभाग में कंप्यूटर बिना कार्य नहीं हो रहा है। अतः कंप्यूटर जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है इस मौके पर प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का भी परिचय कराया गया प्रशिक्षक के रूप में श्री राहुल कुमार, श्री सनिदेव निराला एवं श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव ने अपना अहम योगदान देंगे। इसी क्रम में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में श्री के0वी0 यादव, सहायक प्राध्यापक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किये। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बालिका प्रशिक्षणार्थी भी मौजूद रहे।













## बीएड सत्र 2022–24 के प्रशिक्षुओं का सत्रारंभ कार्यक्रम

दिनांक 22 सितंबर 2022 दिन बृहस्पतिवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव आरा भोजपुर के प्रांगण में बीएड सत्र 2022–24 के प्रशिक्षुओं का सत्रारंभ कार्यक्रम के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम प्रातःकाल पूजन एवं हवन कर एवं फीता काट कर महाविद्यालय के बहुद्देशीय सभागार में वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती पी0एम0 जेना, श्रीमती बिंदी कुमारी एवं श्रीमती नीलम कुमारी द्वारा प्रशिक्षुओं को टीका लगाकर प्रवेश कराया गया। ततपश्चात कार्यक्रम के संचालन कर्ता डॉ मनोज कुमार

उपाध्याय (विभागाध्यक्ष) द्वारा बीएड सेशन 2022–24 के समस्त प्रशिक्षुओं एवं समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए उनसे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण करने का निवेदन किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के संगीत शिक्षक द्वारा सरस्वती वंदना गाया गया तथा इसके उपरांत सभागार में उपस्थित अतिथियों के स्वागत हेतु स्वागत गान गाकर अतिथियों का मन आकर्षित किया गया। महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री ओम प्रकाश सिंह द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को छात्रप्रतिज्ञा दिलाया गया इसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त अतिथियों एवं नवागंतुक प्रशिक्षुओं के स्वागत हेतु स्वागत अभिभाषण करते हुए कहा कि हम शिक्षक यह दृढ़ संकल्पित करें कि शिक्षक के रूप में नैतिकता के क्षेत्र में हो रहे पतन को उत्थान में परिवर्तित करेंगे । इसके बाद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री विजय कुमार झा द्वारा महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं को समस्त महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का पीपीटी के माध्यम से परिचय कराया गया। इसके बाद महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती प्रणति मंजुला जेना के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को उनके पाठ्यक्रम का परिचय कराया गया। इसके बाद महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं के परिचय के क्रम में उनसे एक्सटेमपर एक्टिविटी कराया गया जिस का मूल्यांकन श्रीमती पी0एम0जेना, श्री रजय कुमार श्रीके0बी0 यादव, श्री विजय कुमार झा द्वारा किया गया। जिस का संचालन श्रीमती बिंदी कुमारी श्रीमती नीलम कुमारी एवं खेल प्रशिक्षक श्री ओमप्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इसके बाद ग्रामीण अभिभावक श्री रमाकांत चौबे द्वारा नवागंतुक प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में उपस्थित होकर आप सभी आदर्श शिक्षक बने तथा शीघ्र राजकीय सेवा में अपना योगदान दें। महाविद्यालय प्रबंधनतंत्र के सक्रिय सदस्य इंजीनियर धीरेंद्र सिंह ने नवागत प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक का कार्य शिक्षा समाज व देश के लिए बहुत ही आवश्यक है। सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने नवागत प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने आने वाले भविष्य को तथा राष्ट्र के भविष्य को आप सभी उज्जवल बनायें तथा पाठ्यक्रम में जो बदलाव हुआ है उसके अनुसार ही शिक्षा दिया जाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई0पी0एस0 अधिकारी डॉ अमित जैन जी के द्वारा ऑनलाइन प्रेषित संदेश को प्रशिक्षु के समक्ष सहायक प्राध्यापक श्री चंदन कुमार गुप्ता द्वारा रखा गया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय द्वारा मिसफ्रेशर के रूप में मधु कुमारी एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में कुंदन कुमार को निर्णायक मंडल द्वारा चयनित नाम का उद्घोषणा किया गया इसके उपरांत महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर श्री नीरज तिवारी द्वारा सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशिक्षुओं, शैक्षणिक सदस्यों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया इसके उपरांत सभी के द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

T.N. Agrawal Teachers Training College, Harigaon E-News 4th Edition








STUDENT INDUCTION PROGRAMME
BACHLOR OF EDUCATION (B.ED.)
1ST YEAR, SESSION, 2022-24
On the Date 22-09-2022
Chief Guest


TARKESHWAR NARAIN AGRAWAL TEACHERS' TRAINING COLLEGE
HARIGAON, ARA (BHOJPUR)
STUDENT INDUCTION PROGRAMME
for
BACHLOR OF EDUCATION (B.ED.)
1ST YEAR, SESSION, 2022-24
On the Date 22-09-2022
Chief Guest
Dr. Amit Jain (IPS)
ADG, Bihar Human Right, Patna
Dr. Rahul Kumar Pandey
Smt. Anita Krishna
Dr. Krishna Murari Agrawal
Sponsored:- T.N. Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara








# PRESS RELEASE

Hindustan
14/8/22 (P-6)

## ग्रामीणों के बीच तिरंगा का किया गया वितरण

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरि गांव के सचिव डॉ कृष्णा मुरारी अग्रवाल के निर्देशन में कॉलेज के प्रशिक्षुओ तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडे ने रवाना किया। रैली में शामिल प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों के बीच तिरंगा का वितरण किया। सहायक प्राध्यापक वंदन कुमार गुप्ता, विजय कुमार झा, पीएम जेना, अजीत कुमार सिंह, केवी यादव, गंगाधर, ओम प्रकाश सिंह, डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, प्रमोद कुमार, रजई कुमार, प्रशिक्षु निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, कुमार अभिषेक राज, स्मृति सुमन, माया कुमारी, मांडवी कुमारी थी। इधर, एचपीडी जैन उच्च विद्यालय के एनसीसी सीटीओ अभिषेक और संजय के देखरेख में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। प्रधानाचार्य डॉ शेखर प्रसाद ने यात्रा को रवाना किया।

Prabhat Khabar
17/08/22 P-6

## स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नहीं भूलें : शांति अग्रवाल

आरा. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगांव में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्षा शांति अग्रवाल ने झंडोत्तोलन किया. मौके पर कहा कि स्वतंत्रता के बाद जन्म लेने वाले लोगों को गर्व महसूस करना चाहिए, क्योंकि वे स्वतंत्र भारत में जन्म लेने के लिए भाग्यशाली है. इसलिए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्वीकार करना चाहिए. सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन माध्यम से सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य गोपाल लाल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रमाकांत चौबे, कृष्ण कांत पांडेय, नरेश चौबे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये. प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने स्वागत भाषण किया. इस अवसर पर बीएड एवं डीएलएड के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में नीरज तिवारी, डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, पीएम जेना, अजीत कुमार सिंह, विन्दी कुमारी, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे.



तिरंगे को सलामी देती शांति अग्रवाल व अन्य

Prabhat Khabar
10/09/22
P-6

## शिक्षक का सम्मान किसी एक दिन नहीं बल्कि हर समय होना चाहिए : डॉ कृष्ण

**टीएनए अग्रवाल कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित**

संवाददाता, आरा

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगांव में शिक्षक दिवस के उपरांत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर फाउंडेशन आरा एवं लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. सर्व प्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अध्यक्षा अनीता कृष्णा, प्राचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन बाजोरिया, चेयरमैन लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के द्वारा मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया. साथ ही महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गयी. इसके उपरांत सभी अतिथियों को मंच पर आमंत्रित किया गया तथा महाविद्यालय के सक्रिय सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल के द्वारा सम्मानित अतिथियों का शब्दकोश के माध्यम से स्वागत अभिभाषण में उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान किसी एक दिन नहीं बल्कि सभी दिन हर समय होना चाहिए. इसके उपरांत सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया. तत्पश्चात मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य इंजीनियर धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक को ही गुरु कहा जाता है. गुरु का अर्थ है प्रकाश तथा ज्ञान. रमाकांत चौबे ने पारंपरिक शिक्षा पर प्रकाश डाला. अजय अग्रवाल ने गुरु की तुलना गोविंद से की. रचना खेतान ने कहा कि हमें चींटी की तरह मेहनत करना चाहिए. पंकज अग्रवाल जी ने कहा कि शिक्षक नाम से ही मेरा सिर झुक जाता है. महाविद्यालय की अध्यक्षा अनीता कृष्णा ने कहा कि शिक्षक का सम्मान हमेशा होना चाहिए. अंत में प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडे द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया. कार्यक्रम का संयोजन सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार महतो एवं संचालन सहायक प्राध्यापक विजय कुमार झा ने किया.



दीप जलाकर सम्मान समारोह का उद्घाटन करते अतिथि.

Prabhat Khabar
21-09-22, Page-6

## टीएनए टीचर्स कॉलेज में कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

आरा. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगांव में निःशुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग संचालन का आयोजन तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर के द्वारा पुनः प्रारंभ किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय, मुख्य अतिथि रमाकांत चौबे के द्वारा फीता काटकर वर्ग संचालन का उद्घाटन किया गया. महाविद्यालय के सक्रिय सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन के माध्यम से सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण बालिकाओं के कंप्यूटर में दक्षता को बढ़ायेगा. इस क्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमाकांत चौबे ने अनुशासन में रहकर ही प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी. प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडे ने कहा कि आज का युग कंप्यूटर का है. किसी भी विभाग में कंप्यूटर बिना कार्य नहीं हो रहा है. अतः कंप्यूटर जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है. इस मौके पर प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का भी परिचय कराया गया. प्रशिक्षक के रूप में राहुल कुमार, शनिदेव निराला एवं गौरव कुमार श्रीवास्तव ने अपना अहम योगदान देंगे. इसी क्रम में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में के पी यादव, सहायक प्राध्यापक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किये. इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बालिका प्रशिक्षणार्थी भी मौजूद रहे.

Hindustan
21-09-22, Page-6

## हरिगांव में निःशुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण

आरा। जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव स्थित तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में निःशुल्क बालिका कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग संचालन की शुरुआत एक बार फिर से की गयी। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोशल एंड एजुकेशनल वेलफेयर की ओर से यह कार्यक्रम संचालित होगा। प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पाण्डेय, मुख्य अतिथि रमाकांत चौबे ने वर्ग संचालन का उद्घाटन किया। मौके पर प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का भी परिचय [illegible] गया।

Hindustan
23/09/22
Page-6

## प्रशिक्षुओं को दिलाई गई छात्र प्रतिज्ञा

आरा, निज प्रतिनिधि। भोजपुर के हरिगांव स्थित तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं के सत्र की शुरुआत हुई। वरिष्ठ प्राध्यापिका पीएम जेना, बिंदी कुमारी एवं नीलम कुमारी की ओर प्रशिक्षुओं को टीका लगाकर प्रवेश कराया गया। संचालन डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने किया। खेल प्रशिक्षक ओमप्रकाश सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं को छात्र प्रतिज्ञा दिलाई।

सहायक प्राध्यापक विजय कुमार झा की ओर से महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं को शिक्षक और कर्मियों से परिचय कराया गया। सहायक प्राध्यापिका प्रणति मंजुला जेना ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके पाठ्यक्रम से परिचय कराया। वक्ताओं ने कहा कि आप सभी आदर्श शिक्षक बनें तथा शीघ्र राजकीय सेवा में अपना योगदान दें। महाविद्यालय प्रबंधन के सक्रिय सदस्य इंजीनियर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक का कार्य शिक्षा समाज व देश के लिए बहुत ही आवश्यक है। सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी डॉ अमित जैन ने ऑनलाइन जुड़कर अपनी बातें रखी।

मौके पर चीफ प्रॉक्टर नीरज तिवारी, रमाकांत चौबे सहित कई थे। प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने मिस फ्रेशर के रूप में मधु कुमारी एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में कुंदन कुमार के नाम की घोषणा की।



हरिगांव स्थित टीएन कॉलेज में प्रतिज्ञा में शामिल विद्यार्थी व मौजूद अतिथि।